राजस्थान सरकार
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर फोन न. 0141–2223862
**e mail ID : projectdirectorch@gmail.com**

क्रमाक एफ 7(25)एनएचएम / सी एच / एनडीडी / 2019 670 दिनाक 8.7.19

**पमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग**

**राजस्थान सरकार, जयपुर**

**विषय : स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 08 अगस्त 2019 के एजेंडा को शामिल करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

राज्य मे 8 अगस्त 2019 को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व तैयारी के सदर्भ में निवेदन है कि इस कार्यक्रम में राज्य के समस्त विद्यालयो (राजकीय और निजी) और आंगनबाडी केन्द्रों में, 1 से 19 वर्ष के बच्चों (लडके और लडकियों) को एक निश्चित दिवस पर डिवर्मिंग की दवाई (टेबलेट एल्बेन्डाजॉल 400 मि.ग्रा) खिलाई जाती है, जिससे बच्चो की सेहत व पोषण में सुधार एवं उनकी स्कूल / आंगनबाडी में उपस्थिति में बढोतरी होती है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो बच्चे बीमार होने या अनुपस्थित रहने के कारण दिनाक 8 अगस्त को दवाई नहीं ले पाएंगे, उन्हे यह मॉप अप दिवस (19 अगस्त) को दी जायेगी। इस कार्यक्रम को चिकित्सा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, और महिला एव बाल विकास विभाग (आई.सी.डी.एस) के संयुक्त प्रयास और एविडेंस एक्शन–डिवर्म दि वर्ल्ड इनिशिएटिव के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया जाता है।

वातावरण में कृमि के भार को कम करने के लिए निश्चित समयातंराल पर डीवर्मिंग करने के साथ – साथ स्वच्छता सम्बन्धित व्यवहारों को अपनाना अति आवश्यक है। चूंकि स्वच्छ भारत अभियान और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम स्वच्छता सम्बन्धित व्यवहारों को बढावा देने के लिए प्रतिबद्ध है अत दोनो कार्यक्रमो के मध्य समन्वय आमजन के लिए अति लाभकारी होगा।

अत आपसे अनुरोध है कि स्वच्छ भारत अभियान (शहरी) के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के समन्वय हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर सहयोग प्रदान करे :

- जुलाई और अगस्त 2019 में सभी स्तर (राज्य, जिला, एवं ब्लॉक) पर आयोजित हो रही स्वच्छ भारत अभियान से सम्बन्धित विभागीय बैठकों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को चर्चा का एक बिन्दु रखा जाये। सन्लग्न सामग्री (कम्युनिटी हैंड बिल) का मुद्रण करवाकर (अगर विभाग के पास बजट उपलब्ध है तो विभाग की सुविधानुसारं) चर्चा हेतु उपयोग में लिया जा सकता है ।
- स्वच्छ भारत अभियान से सम्बन्धित सन्दर्भ सामग्री में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से (प्रशिक्षण सामग्री एव IEC सामग्री) सम्बंधित जानकारी को शामिल करना।
- राज्य के शहरी क्षेत्रों मे घर–घर से कचरा संग्रहण में लगे हुए वाहनों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के एक मिनट अवधि के जिंगल (जागरूकता गीत, सन्लग्न) को अगस्त 4 से 8 और अगस्त 12 से 19, 2019 को बजाया जाना। विभाग के सम्बन्धित कर्मचारियों को ईमेल एवं whats app के द्वारा जिंगल को भेज कर इस गतिविधि को तुरन्त क्रियान्वित किया जा सकता है।
- यदि अन्य कोई मच उपलब्ध हो जहां पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम से सम्बन्धित जानकारी को शामिल किया जा सकता हो।

**संलग्नः कम्युनिटी हैंड बिल एवं जागरूगता गीत (जिंगल)**

5/7

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
राजस्थान,जयपुर।

क्रमाक एफ 7(25)एनएचएम/सी.एच./एनडीडी/2019 670 दिनाक 8.7.19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है –

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एव प.क., जयपुर
2. निजी सचिव, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जयपुर
3. निदेशक, आर सी एच , चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान
4. निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहरी)
5. राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक, एविडेन्स एक्शन–डिवर्म द वर्ल्ड इनीशियेटिव, जयपुर से निवेदन हैं कि स्वच्छ भारत अभियान से समन्वय हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करे।
6. कम्प्यूटर/सर्वर रूम के वास्ते ई–मेल एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली

निदेशक (आर.सी.एच.)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
राजस्थान,जयपुर।

# प्रभातफेरी–जागरूगता गीत (जिंगल)

1. हम सबका यही सपना, स्वच्छ स्वस्थ और कृमि मुक्त भारत हो अपना


2. अनेक रोगों की सिर्फ एक दवाई, हर तरफ रखो साफ सफाई। कृमि को दूर भगाना है, एल्बेंडाजॉल गोली 08 अगस्त को खाना है।

3. शौचालय का करें प्रयोग, कृमि मुक्त रहें हम सब लोग ।

4. स्वच्छता को अपनाओ, 08 अगस्त को बच्चों को एल्बेंडाजॉल गोली खिलाओ।




# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति



क्या आप जानते है कि कृमि संक्रमण से बच्चों के स्वास्थ्य पर अनेक हानिकारक प्रभाव होते है, जैसेः

• खून की कमी (अनीमिया) • कुपोषण • भूख न लगना • बेचैनी

• पेट मे दर्द, उल्टी और दस्त • वजन में कमी आना

9 अगस्त 2019 राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को कृमि नियंत्रण की दवाई आंगनवाड़ी एवं स्कूल केन्द्रों के माध्यम से निःशुल्क खिलाई जाएगी।

1 1–5 साल के बच्चों को यह दवाई आंगनवाड़ी केन्द्रों में खिलाई जाएगी।

2 6–19 साल के बच्चों को यह दवाई स्कूलों में खिलाई जाएगी।

3 गैर-पंजीकृत और स्कूल ना जाने वाले बच्चों को भी यह दवाई आंगनवाड़ी केन्द्रों में खिलाई जाएगी।

4 एल्बेंडाजॉल बच्चों के लिए सुरक्षित दवाई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/शिक्षक अपने सामने ही हर बच्चे को दवाई खिलाएं।





## बच्चों में कृमि नियंत्रण के फायदे

सीधे फायदेः

- खून की कमी में सुधार
- बेहतर पोषण स्तर

अनुमानिक फायदेः

- आंगनवाड़ी और स्कूल में उपस्थिति तथा सीखने की क्षमता में सुधार लाने में मदद
- भविष्य में कार्यक्षमता और औसत आय में बढ़ोतरी
- वातावरण में कृमि की संख्या कम होने पर समुदाय को लाभ गिलता है




# याद रखें: 9 अगस्त 2019

**अपने बच्चों को नज़दीकी आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूलों पर**

